हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

11 नहरी पानी की कटौती पर भड़के किसानों ने किया...



12 हांसी शहर के 5 वार्डों में हटाया कई टन कचरा



## खबर संक्षेप

### गुजवि ने कुछ कोर्सों में दाखिले की तिथि बढ़ाई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) में कुछ कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। एमएससी जियोग्राफी में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इसके अतिरिक्त सभी एमटेक कोर्सों सहित एमए हिंदी, एमए मास कम्युनिकेशन, बीए-बीएड (आईटीईपी), बीएससी-बीएड (आईटीईपी), बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी तथा इंटीग्रेटेड बीए-एमए भगवदगीता कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 जुलाई कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि इसके अतिरिक्त एमए मास कम्युनिकेशन कोर्स में दाखिले के लिए 10 जुलाई को निर्धारित प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। एमए मास कम्युनिकेशन कोर्स में दाखिला अब शैक्षणिक मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

### स्टेनोग्राफी हिंदी कोर्स के लिए आवेदन 15 तक

**हिसार।** हिसार में सैनिक परिवार भवन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2026-27 के स्टेनोग्राफी हिंदी कोर्स के लिए 15 जुलाई तक आवेदन ऑनलाइन अप्लाई किए जा सकते हैं। कोर्स में दाखिला हरियाणा के भूतपूर्व/सेवारत सैनिकों/युद्ध विधवाओं/भूतपूर्व अर्धसैनिकों/सेवारत अर्धसैनिक बलों के आश्रितों के लिए किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। सैनिक परिवार भवन राजकीय आईटीआई की प्रधानाचार्य राजरानी ने बताया कि ये कोर्स डीजीईटी श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के डिप्लोमा हैं। उन्होंने बताया कि सीटें रिक्त होने पर गैर सैनिक परिवार के विद्यार्थी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर 9 के चालान काटे

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निरीक्षण के दौरान एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार ने 12 क्वार्टर रोड पर खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों के चालान किए वहीं एएसआई विजेता ने ऋषि नगर में खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों व एक दुकानदार का जैन गली में चालान किया। एएसआई प्रवीण ने सेक्टर 16-17 में एक व्यक्ति के द्वारा खुले में कचरा डालते हुए पाए जाने पर चालान किया। इसके साथ ही सीटीएल प्रदीप जाखड, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू व आईसी विशेषज्ञ हरिराम गुज्जर की टीम ने पटेल नगर में निरीक्षण के दौरान तीन दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते पाएं जाने पर चालान किए।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक हत्थे चढ़ा

**हिसार।** सीआईए बरवाला पुलिस ने बगला मोड़ पर एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए बरवाला प्रभारी प्रदीप ने बताया कि एएसआई राजकुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सीसवाल निवासी सुंदर ज्याणी अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को बगला मोड से काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध 9 एमएम पिस्टल तथा उसमें लोड 6 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध थाना सदर मामला दर्ज किया गया।

## सीएम फ्लाइंग की पहली रेड के बाद हिसार रोडवेज वर्कशॉप में बड़ा खेल

# रातों-रात गायब कर दीं कटे पेड़ों की जड़ें, रिकॉर्ड व हकीकत में भारी अंतर

- रोडवेज कार्यशाला में पेड़ कटाई मामले में सीएम फ्लाइंग की दूसरी रेड, साक्ष्यों से छेड़छाड़ के भी मिले संकेत
- जांच टीम को गुमराह करने के लिए हटाए गए सबूत, रिकॉर्ड में सामने आया भारी फर्जीवाड़ा
- रोडवेज परिसर में कटी मिलीं 55 सफेदे की जड़ें, कागजों में दर्ज थे सिर्फ 10 पेड़, पहली रेड में सामने आया था बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा पेड़ों की कटाई पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद रोडवेज कार्यशाला में बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में सीएम फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को दूसरी बार छापेमारी कर जांच की। दूसरी जांच के दौरान पहले निरीक्षण में मिले कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मौके से हटाए जाने के तथ्य सामने आए हैं। साथ ही विभागीय रिकॉर्ड और मौके की वास्तविक स्थिति में भी गंभीर अंतर पाया गया, जिसे जांच टीम ने गंभीर अनियमितता माना है। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने मामले में कार्रवाई की। इस मौके पर डीएसपी विक्रम भादू, वन विभाग के हिसार के डीएफओ रोहताश, फतेहाबाद के डीएफओ राजेश, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल विजय भी मौजूद रहे।

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि 26 जून को गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग ने रोडवेज कार्यशाला में पहली बार छापेमारी की थी। उस दौरान जांच में कार्यशाला परिसर में 86 पेड़ों के कटे हुए ठूंठ (जड़ें) तथा 132 पोल साइज पौधे उखाड़े हुए मिले थे। इसके अलावा कटे हुए पेड़ों की लकड़ी का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था और लकड़ी को खुर्द-बुर्द किए जाने के तथ्य भी सामने आए थे। संबंधित कम्पनी द्वारा लकड़ी का मूल्य भी सरकारी खाते में जमा नहीं कराया गया था, जिससे सरकार को वित्तीय नुकसान होने की आशंका जताई गई थी। वन विभाग ने उस समय स्पष्ट किया था कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार बिना सक्षम अनुमति किसी भी सरकारी अथवा निजी परिसर में पेड़ों की कटाई पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रारंभिक जांच में मामला न्यायालय के आदेशों के उल्लंघन का प्रतीत हुआ था।





हिसार। जांच के दौरान पूछताछ करते डीएसपी विक्रम भादू, काटे गए पेड़ों की गिनती करते टीम।

### 19 पेड़ों की जड़ें मौके से गायब मिलीं

पहली जांच के दौरान वन विभाग द्वारा जिन कटे हुए पेड़ों की जड़ों की मौके पर नंबरिंग की गई थी, दूसरी जांच में उनमें से लगभग 19 पेड़ों की जड़ें जमीन के अंदर से मौके से गायब मिलीं। परिसर के बाहर रखी गई कटे पेड़ों की जड़ों को भी हटा दिया गया था। वन विभाग के अनुसार सरकारी परिसर में से इस तरह जड़ों का गायब होने गम्भीर बात है। जबकि परिसर में चारदिवारी भी बनी हुई है। पहली जांच के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जांच पूरी होने तक मौके से कोई भी जड़, लकड़ी अथवा अन्य साक्ष्य नहीं हटाए जाएंगे। इसके बावजूद साक्ष्यों को हटाया जाना प्रथम दृष्टया जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ का गंभीर मामला प्रतीत होता है। सरकारी परिसर जिसमें चार दिवारी बनी हुई है और उसमें से इस तरह से जड़ों का गायब होना एक गंभीर मामला है।

### उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट

सीएम फ्लाइंग टीम के अनुसार दूसरी जांच में सामने आए तथ्यों को पहली जांच के रिकॉर्ड के साथ मिलान कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ताकि संबंधित अधिकारियों, कम्पनी तथा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जा सके। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि बिना अनुमति सरकारी भूमि पर पेड़ों की कटाई करना तथा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करना अत्यंत गंभीर मामला है। इसके बाद जांच के दौरान मिले साक्ष्यों को चारदिवारी में बने सरकारी परिसर से हटाना मामले को और अधिक गंभीर बना देता है।

### विभाग के समक्ष प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में सामने आईं विसंगतियां

जांच के दौरान वन विभाग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों में भी कई विसंगतियां सामने आईं। एक पत्र में विभाग की ओर से 40 से 50 पेड़ काटे जाने का उल्लेख किया गया, जबकि मौके पर इससे कहीं अधिक संख्या में पेड़ कटे होने के साक्ष्य मिले। इसी प्रकार एक अन्य रिकॉर्ड में 128 पेड़ काटे जाने तथा दो पेड़ खड़े होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन दूसरी जांच के दौरान मौके पर कोई भी पेड़ खड़ा नहीं मिला। जांच टीम के अनुसार वे दोनों पेड़ भी बिना अनुमति हटाए जा चुके थे। इसके अतिरिक्त विभागीय रिकॉर्ड में केवल 10 सफेदा (यूकेलिप्टस) के पेड़ काटे जाने का उल्लेख था, जबकि मौके पर 55 सफेदा पेड़ों की कटी हुई जड़ें पाई गईं। जांच अधिकारियों ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए रिकॉर्ड और वास्तविक स्थिति में भारी अंतर माना है।

### जांच जारी है: भादू

डीएसपी विक्रम भादू ने बताया कि सीएम फ्लाइंग इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जांच में जो भी अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार अथवा अन्य व्यक्ति दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोली मारकर किसान की हत्या के दोषी को उम्रकैद

- लव मैरिज की रंजिश में चार साल पहले खासा महाजन गांव में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

लव मैरिज की रंजिश को लेकर करीब चार साल पहले खासा महाजन गांव के खेत में काम कर रहे एक किसान कृष्ण की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अदालत ने दोषी ढाणी ढुल्ट निवासी सत्यवान को आजीवन कारावास तथा एक लाख 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि अदा न करने की सूरत में दोषी को डेढ़ साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार खासा महाजन गांव के निवासी भरत सिंह ने अग्रोहा पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 7 अक्टूबर 2022 को वह अपने भाई कृष्ण, भाई की पत्नी रेखा और परिवार की अन्य महिलाओं के साथ खेत में नरमा की फसल चुग रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे जब सभी काम रोककर खेत में ही चाय पीने के लिए बैठे थे, तभी अचानक पीछे से आए एक हमलावर ने उनके भाई कृष्ण की पीठ में ताबड़तोड़ गोली मार दी। गोली लगते ही कृष्ण लहूलुहान होकर गिर गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजन तुरंत घायल हालत में कृष्ण को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दे रहा था धमकियां

वारदात के बाद जब जांच आगे बढ़ी तो खुलासा हुआ कि गोली ढाणी ढुल्ट के रहने वाले सत्यवान ने चलाई थी। शिकायतकर्ता भरत सिंह ने बताया था कि उनके छोटे भाई रोहतास ने खासा महाजन गांव की ही रहने वाली रजनी से लव मैरिज की थी। इस प्रेम विवाह से लड़की पक्ष से आरोपी सत्यवान बेहद नाराज था और वह लगातार लड़के के परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते सत्यवान ने योजनाबद्ध तरीके से खेत में घुसकर कृष्ण की हत्या कर दी।

### डोभी के पास कुत्ते को बचाने के प्रयास में स्कूटी सवार महिला की गई जान

**हिसार।** गांव डोभी के पास हुए सड़क हादसे में एक 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कालीरावण गांव निवासी भतेरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार सुबह वह स्कूटी पर सवार होकर अपने मायके भिवानी रोहिल्ला जा रही थी। जैसे ही वह डोभी गांव के पास पहुंची, अचानक स्कूटी के सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे कटे हुए एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में भतेरी के सिर पर गंभीर चोट आई। राहगीरों ने तुरंत उसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां देर शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गई है। मंगलवार दोपहर को सदर थाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई है।

### रोडवेज बस में 4 लावारिस बैगों में मिला चूरापोस्त व डोडापोस्त

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की बस से 31 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त एवं चूरापोस्त बरामद किया है। नशा बस की पिछली सीट के नीचे कुछ लावरिस बैगों में मिला है। फिलहाल पुलिस ने मामले में अज्ञात तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया कि थाना अग्रोहा में तैनात एएसआई सुभाष चन्द्र अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर मौजूद थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि हरियाणा रोडवेज की बस में कुछ लावारिस बैग पड़े हैं, जिनमें नशीले पदार्थ होने की आशंका है। सूचना मिलते ही एएसआई सुभाष चन्द्र ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया तथा मौके पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में लिया। पुलिस टीम को बस की पिछली सीट के नीचे एक संदिग्ध बैग मिला था। पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने बैग पर अपना दावा नहीं किया। बाद में बस की तलाशी लेने पर चार लावारिस बैग बरामद हुए। नायब तहसीलदार बरवाला रविन्द्र कुमार को मौके पर बुलाया गया। उनकी उपस्थिति में बस की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान तीन बैगों से 21 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त तथा एक बैग से 10 किलो 100 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। इस प्रकार कुल 31 किलो 200 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने नशीले पदार्थ को सील कर कब्जे में लिया गया तथा पूरी कार्रवाई वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराई गई। इस संबंध में थाना अग्रोहा में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि उक्त नशीला पदार्थ किसने बस में रखा, इसका स्रोत क्या है तथा इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। सीसीटीवी फुटेज, बस के यात्रा विवरण एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

- अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# खेड़ी चोपटा के निजी अस्पताल में अवैध तरीके से बनाए जा रहे थे जन्म प्रमाण पत्र, संचालक समेत 3 पर केस दर्ज

**नारनौंद।** हांसी जिले के अंतर्गत आते गांव खेड़ी चोपटा के बरवाला रोड पर स्थित श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में गलत तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने अस्पताल के संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में अस्पताल संचालक एवं जींद जिला के गांव खेड़ी सपा निवासी रमेश कुमार, डॉ. रवीना तथा खेड़ी लोहचब निवासी नर्स मंजीत शामिल है। पुलिस ने यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 जुलाई को अस्पताल में की गई छापेमारी तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। फिलहाल इस मामले में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### 6 हजार रुपये में कर रहे थे फर्जीवाड़ा

स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि अस्पताल के संचालक ने अवैध तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात कबूल की है। जांच में सामने आया कि तीन डिलीवरी केसों का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार करवाने के लिए 6,000 रुपये लिए गए थे। इसके लिए जो फाइल तैयार की गई थी, उस पर डॉ. रवीना के हस्ताक्षर थे। हैरानी की बात यह है कि डॉ. रवीना का मेडिकल रजिस्ट्रेशन अप्रैल 2026 में ही खत्म हो चुका है। इसके बावजूद वे गैर-कानूनी तरीके से इन फाइलों पर साइन कर रही थीं। रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि इस अस्पताल में 23 जनवरी 2020 से अब तक कुल 27 डिलीवरी ही रजिस्टर में दर्ज दिखाई गई हैं।

### अस्पताल की टर्मिनेट नर्स ने किसी दूसरी जगह करवाई डिलीवरी

जांच में इस पूरे नेक्सस का पर्दाफाश हुआ। जिन तीन डिलीवरी केसों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फाइलें तैयार की गई थीं, वे दरअसल इस अस्पताल में हुई ही नहीं थीं। अस्पताल की टर्मिनेट नर्स मंजीत ने अपने स्तर पर अस्पताल से बाहर किसी दूसरी जगह ये डिलीवरी करवाई थीं। नियमों को ताक पर रखकर, गलत तरीके से उन तीनों डिलीवरी को श्री कृष्णा अस्पताल के रिकॉर्ड में दिखाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने की साजिश रची जा रही थी। अस्पताल में चल रही इन गंभीर अनियमितताओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य डॉ. विक्रम गोरिया, डॉ. अंजु दलाल और ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. अजय कुमार ने अपनी पूरी संयुक्त जांच रिपोर्ट सीएमओ हिसार को सौंपी। उच्चाधिकारियों की हरी झंडी मिलने के बाद इसकी लिखित शिकायत खेड़ी चोपटा पुलिस चौकी में दी गई। खेड़ी चोपटा चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की बहुत गहनता से जांच कर रही है। दस्तावेज और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, इस फर्जीवाड़े में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### हवाई फायरिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने प्रेम नगर क्षेत्र में हवाई फायरिंग के एक पुराने मामले में आरोपी को अदालत के आदेश पर प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि प्रेम नगर क्षेत्र में हवाई फायरिंग करने के आरोप में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान आरोपी जींद जिले के अनूप की संलिप्तता सामने आई थी। आरोपी अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी अनूप को जेल से गिरफ्तार किया।

## 2.10 लाख की ठगी का आरोपी पश्चिम बंगाल से पकड़ा, 4 हजार रुपये बरामद

- हांसी निवासी महेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

पुलिस टीम ने 2.10 लाख की साइबर ठगी के मामले में पश्चिम बंगाल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से ठगी की रकम में से 4 हजार रुपये बरामद किए हैं।

अनुसंधानकर्ता एएसआई सुरेंद्र ने बताया कि हांसी निवासी महेंद्र कुमार ने शिकायत 16 नवंबर 2025 को साइबर थाना में शिकायत दी थी कि उसके बैंक के खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 2.10 लाख की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई। पीड़ित के मोबाइल पर किसी प्रकार का ओटीपी या ट्रांजैक्शन संबंधी संदेश भी प्राप्त नहीं हुआ तथा उसने किसी के साथ कोई ओटीपी साझा नहीं किया और न ही कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड की थी।

शिकायत के आधार पर थाना साइबर अपराध हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग ट्रांजैक्शन का गहन विश्लेषण किया। अनुसंधान के आधार पर पुलिस टीम पश्चिम बंगाल पहुंची, जहां क्रिस्टोफर मंडल पुत्र राजेश मंडल निवासी साजनबेरिया आरसी, ठाकुराइन, जिला साउथ 24 परगना, पश्चिम बंगाल को मामले में गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान आरोपी के कब्जे से ठगी की गई राशि में से 4 हजार बरामद किए गए, जिन्हें नियमानुसार कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

**बैठक** सराहनीय कार्य पर बूथ नंबर 14 के बीएलओ को 501 रुपये के इनाम की घोषणा

# खराब प्रदर्शन पर बीएलओ के निलंबन की होगी सिफारिश

**हांसी।** एसडीएम एवं विधानसभा निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राजेश खोथ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी एवं लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी बूथ लेवल अधिकारी गणना फॉर्म की डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले दस बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के निलंबन की अनुशंसा करते हुए निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा जाएगा।

एसडीएम राजेश खोथ मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर स्थित अपने कार्यालय में आयोजित अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बूथ नंबर 14 के बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म डिजिटाइजेशन में किए गए सराहनीय कार्य पर 501रुपए की राशि देने की घोषणा की।उन्होंने बताया कि हांसी विधानसभा क्षेत्र में अब तक लगभग 66 प्रतिशत गणना फॉर्म का डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य को भी निर्धारित अंतिम तिथि 14 जुलाई तक हर हाल में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए।



### 14 तक हर हाल में पूरा करना होगा डिजिटाइजेशन

बैठक में एसडीएम ने बताया कि गणना फॉर्म के डिजिटाइजेशन की धीमी गति पर पहले ही 20 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नोटिस मिलने के बाद भी यदि संबंधित अधिकारी अपने कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी तथा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले दस बीएलओ के निलंबन के लिए निर्वाचन आयोग को अनुशंसा भेजी जाएगी। उन्होंने गणना फॉर्म के कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधीन कार्यरत बीएलओ की नियमित निगरानी करें तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर बीएलओ का मार्गदर्शन करें ताकि अभियान को समयबद्ध तरीके से सफल बनाया जा सके।

### 12 को मतदान केंद्रों पर प्राप्त करेंगे गणना फार्म

एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि 12 जुलाई को सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाने एवं प्राप्त करने का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अभियान के अंतिम चरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा शेष कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जाए। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 16, 26 ,49, 50, 61, 84, 118 120 तथा 182 में गणना फॉर्म डिजिटाइजेशन के कार्य की गति धीमी है। उन्होंने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए की वह इस कार्य में तेजी लाए।

## नशीले इंजेक्शनों का मुख्य सप्लायर ड्रग मनी समेत धरा

**हांसी।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हांसी पुलिस की सीआईए-2 टीम ने नशीले इंजेक्शनों की सप्लाई चेन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी से घटना स्थल की निशानदेही भी करवाई गई। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा-2 ने आरोपी खरकड़ा के विक्की को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशा तस्करी से संबंधित 2 हजार की ड्रग मनी बरामद की। पुलिस के अनुसार, 2 जून को सीआईए-2 की टीम ने सूचना के आधार पर गांव गढ़ी के पास नाकाबंदी के दौरान रविंद्र उर्फ खंडा निवासी सोरखी को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 131 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए थे। इस संबंध में थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने नशीले इंजेक्शनों की सप्लाई चेन का खुलासा करते हुए मुख्य सप्लायर विक्की तक पहुंच बनाई। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर घटना स्थल की तस्दीक करवाई गई और ड्रग मनी बरामद कर नियमानुसार पुलिस कब्जे में ली गई।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style



# कृति

## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।

हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया



कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।

# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज

## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

***नई दिल्ली।** सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

## खबर संक्षेप

### वांछित आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया

**हिसार।** थाना उकलाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित आरोपी को प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। थाना उकलाना में तैनात उप निरीक्षक दलेर सिंह ने बताया कि चोरी के एक मामले की जांच के दौरान गांव प्रभुवाला निवासी आरोपी आकाश की संलिप्तता सामने आई थी। आरोपी अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में बंद था। पुलिस ने न्यायालय से प्रॉडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपी को जेल से हिरासत में लिया।

### भाविप ने ब्लड ग्रुप जांच शिविर लगाया

**हिसार।** भाविप के संस्थापक डॉ. सूरजप्रकाश के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क हीमोग्लोबिन (एचबी) एवं ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद शाखा उकलाना के सहयोग से सेवार्थ लेबोरेटरी द्वारा आयोजित इस शिविर में विद्यालय की लगभग 85 छात्राओं के हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की जांच की गई।

### बिजली निगम के निदेशक का अभिनंदन

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. योगेश बिदानी का अर्बन एस्टेट-2 में स्वागत किया गया। समाजसेवी एवं शिक्षाविद अशोक सेठी ने डॉ. बिदानी का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। डॉ. बिदानी ने अपने संबोधन में कहा कि वे बिजली निगम सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करवाएंगे। इस अवसर पर प्रो. पीपी तनेजा, शिक्षक राजेन्द्र सिंधु, अरुण सर्राफ, डॉ. नलिन मित्तल, मनोज हिसारी, जोगेन्द्र खैरवाल आदि मौजूद रहे।

### मय्यड़ गांव में चलाया जागरूकता अभियान

**हिसार।** नशा मुक्ति पुलिस टीम ने गांव मय्यड़ में व्यापक जनजागरूकता एवं उपचार अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों, युवाओं एवं नशा प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नशा मुक्ति टीम ने गांव में घर-घर जाकर नशा पीड़ितों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें यह विश्वास दिलाया कि नशे की लत से बाहर निकलना संभव है, यदि समय रहते उपचार और परिवार का सहयोग मिल जाए। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

### चाकू से हमला करने का नामजद आरोपी काबू

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने चाकू से हमला करने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह ने बताया कि 28 जून को ऋषि नगर निवासी विकास के बयान पर ऋषि नगर के ही विष्णु के खिलाफ चाकू से हमला करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी विष्णु को गिरफ्तार कर लिया।

## सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, चंडीगढ़ कूच की दी चेतावनी

# नहरी पानी की कटौती, गुस्साए किसानों ने घेरा तहसील दफ्तर

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर पहुंचे दर्जनों गांवों के किसान, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हिसार। ज्ञापन देते किसान नेताओं का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि



हिसार। ज्ञापन देने पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाखड़ा कमांड एरिया के किसानों ने अपने हिस्से के नहरी पानी में लगातार हो रही कटौती और क्षेत्र के साथ किए जा रहे कथित अन्याय के विरोध में मंगलवार को बालसमंद उपतहसील का घेराव कर प्रदर्शन किया। क्षेत्र के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, कारों और अन्य वाहनों के साथ तहसील परिसर पहुंचे। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि भाखड़ा कमांड एरिया के किसानों के जल अधिकारों की अनदेखी बंद नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश में बड़ा जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालयों पर बड़े प्रदर्शन, महापंचायतें और सीधे चंडीगढ़ कूच किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस धरने की संयुक्त अध्यक्षता सूबेदार हरिसिंह, सुल्तान रावलवास और ओम गढ़वाल ने की। इस महाप्रदर्शन में मुख्य रूप से कुरड़ाराम नंबरदार, संदीप धीरणवास, अनिल लौरा, अनिल गोरछी, रमेश बेनीवाल, पारस लौरा, रेणु चहल, बब्बलू गोरछी, बलराज बिजला, छोटू लौरा, सतबीर लौरा, सत्यवान लौरा, धीरू सरपंच, बबलू पूनिया, सुरेश बासरा, ऋषिपाल, देवीलाल आदि मौजूद रहे।

### किसानों की मुख्य मांगें

- बरवाला ब्रांच को उसकी स्वीकृत क्षमता के अनुसार पूरा पानी तुरंत दिया जाए।
- भाखड़ा कमांड एरिया के किसानों के हिस्से में की जा रही अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगे।
- टेल क्षेत्र तक पानी की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो।
- किसानों के जल अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार एक स्थायी नीति बनाए।

## भाखड़ा नहर से दूसरे क्षेत्र को पानी देने के विरोध में किया प्रदर्शन

**हिसार।** भाखड़ा नहर बरवाला ब्रांच से दूसरे क्षेत्र को पानी देने के विरोध में हिसार व भिवानी जिलों के किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने इकटठा होकर धना लगाया और प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संयुक्त जल संघर्ष समिति व संयुक्त किसान संघर्ष समिति बालसमंद के तत्वावधान में इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बरवाला लिंक चैनल से अवैध कनेक्शन करके लिए जा रहे पानी को रोकने की मुख्य मांग रखी गई। कमेटी के प्रधान विजेन्द्र बैनिवाल ने कहा कि बरवाला लिंक चैनल से मंजूरशुदा पानी की क्षमता 1725 क्यूसिक है, लेकिन हेड से 1500 से कम पानी मिल रहा है। कम पानी के कारण हिसार भिवानी टेल के एरिया में 40 से ज्यादा गांवों में पेयजल तक उपलब्ध नहीं है। इसलिए मांग है कि मंजूरशुदा पानी दिया जाए। कमेटी प्रधान आर्य ने बताया कि इस एरिया में खेती व पीने के पानी का एकमात्र विकल्प बरवाला लिंक चैनल है। इस नहर से जुड़ी 40 से ज्यादा छोटी नहरों के टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। उसके बावजूद हांसी व जींद जो यमुना का एरिया है उसका इस चैनल से पानी देने की तैयारी है। अगर बरवाला ब्रांच से और पानी कम किया गया तो 100 से ज्यादा गांव पूरी तरह बंजर हो जाएंगे और यहां पीने का पानी भी नहीं मिल पाएगा। प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुडडा ने बताया कि हांसी व जींद के अंदर से दो नहरें गुजरती हैं। अगर वहां पानी की समस्या है तो सरकार जलघरों की क्षमता बढ़ाए। सरकार ऐसा करने के बजाय पहले से पानी की किल्लत झेल रहे एरिया का अवैध रूप से पानी काटकर हांसी जींद को देना चाहती है। इस मौके पर उपप्रधान सतबीर झाझड़िया, राजकुमार बालसमंद, मा सत्यवीर गढ़वाल, जगदीश सरपंच, अनिल लौरा, विजय भाम्भू ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि सरकार बरवाला ब्रांच में अवैध रूप से पेंच करती रही तो इसके विरोध में हिसार व भिवानी जिले के टेल क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान बड़ा आंदोलन करेंगे।

# अब रोघी और बूरा खाप के 26 गांव करेंगे आंदोलन को तेज



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते चानौत धरना कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- 17 जुलाई को प्रधानमंत्री से मिलकर उठाएंगे 'टी' कनेक्शन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव चानौत में पेयजल की मांग को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को 53वें दिन भी जारी रहा। 53वें दिन धरना स्थल पर जेजेपी के संरक्षक एवं वरिष्ठ नेता पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया। वहीं धरना समिति ने मंगलवार को गांव के एक मैरिज पैलेस में पत्रकार वार्ता आयोजित कर आंदोलन को और अधिक संगठित एवं लंबी अवधि तक चलाने के लिए नई रणनीति की घोषणा की। समिति के अनुसार अब रोघी और बूरा खाप के कुल 26 गांव मिलकर आंदोलन को मजबूती देंगे। सभी सहयोगी गांव आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जबकि प्रत्येक निर्णय लेने का अधिकार चानौत धरना समिति के पास ही रहेगा।

### यह बनाई रूपरेखा

समिति ने बताया कि अब प्रतिदिन इन 26 गांवों से 20 से 30 ग्रामीण धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को निरंतर समर्थन देंगे। इसके अलावा प्रत्येक रविवार को एक गांव अपनी 36 बिरादरी के साथ पूरी ताकत के साथ चानौत पहुंचेगा। इसी क्रम में अगले 26 रविवारों की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर दी गई है, जिससे आने वाले लगभग छह महीनों तक आंदोलन लगातार जारी रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर बीच-बीच में बड़े कार्यक्रम और महापंचायतें भी आयोजित की जाएंगी।

### 12 को सीएम से मिलने की तैयारी

धरना समिति ने घोषणा की कि 12 जुलाई हिसार आ रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा 17 जुलाई को जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल भाखड़ा पाइपलाइन से 'टी' कनेक्शन की मांग को लेकर उनसे मिलने का प्रयास करेगा। तथा अपनी पानी की मांग को उन तक पहुंचाने का प्रयास करेगा।

### खापों की बैठक 10 को

इस संबंध में 10 जुलाई को चानौत गांव में सभी खाप पंचायतों, सामाजिक संगठनों और किसान संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक में 17 जुलाई के कार्यक्रम की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही आंदोलन को और प्रभावी बनाने तथा आमरण अनशन को लेकर भी विस्तार से चर्चा होगी।

### खाप पंचायतों ने दिया समर्थन

धरना स्थल पर मंगलवार को ओल्ड रोहतक क्षेत्र और दिल्ली देहात की विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए आंदोलन को अपना सहयोग देने का भरोसा दिया।

### सीएम डमी की भूमिका में : चौटाला

जेजेपी नेता अजय चौटाला ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री केवल डमी की भूमिका में हैं और प्रदेश के महत्वपूर्ण फैसले कहीं और से लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चानौत के ग्रामीण अपनी मूलभूत पेयजल की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं और उनकी मांग का समाधान सरकार को शीघ्र करना चाहिए।

# महोत्सव सप्ताह में विद्यार्थियों को किया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। वन महोत्सव के दौरान छात्राओं को पौधे वितरित करती स्कूल प्राचार्या।

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री काली देवी विद्या मंदिर में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह उल्लास के साथ मनाया गया। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी दी गई।

वन महोत्सव सप्ताह के दौरान विद्यालय परिसर में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा विद्यालय की विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हजारों पौधों का वितरण भी किया गया, ताकि बच्चे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ा सकें। इस अवसर पर प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वृक्ष न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि जलवायु को संतुलित रखने, भू-जल स्तर बढ़ाने और प्रदूषण कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जलभराव से निपटने की तैयारियां अधूरी

**हिसार।** पूर्व नगर निगम पार्षद एवं युवा इनेलो नेता मान सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि मानसून की दस्तक के बावजूद नगर निगम और प्रशासन की तैयारियां अधूरी हैं। बरसाती नालों की सफाई और सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य समय रहते पूरा नहीं किया गया, जिसके कारण अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालों को खोदकर छोड़ दिया गया है। चौहान ने कहा कि पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान जिले में अधिकांश क्षेत्रों में गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे आमजन, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उस अनुभव से सबक लेने के बजाय इस वर्ष भी प्रशासन की कार्यशैली लापरवाहीपूर्ण दिखाई दे रही है।

# लुवास कुलपति ने किया दीक्षांत समारोह वैज्ञानिक सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति व अन्य। फोटो : हरिभूमि

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने एक कार्यक्रम के दौरान 24वें एनएवीएस दीक्षांत समारोह एवं वैज्ञानिक सम्मेलन की आधिकारिक विवरणिका (ब्रोशर) का औपचारिक विमोचन किया।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 22 एवं 23 अक्टूबर को लुवास तथा नेशनल एकेडमी ऑफ वेटरिनरी साइंसेज (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। विवरणिका के विमोचन अवसर पर कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि देशी पशुधन एवं कुक्कुट उत्पादन प्रणाली में आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल नवाचारों तथा वन हेल्थ अवधारणा के समावेश से कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। सम्मेलन में देशभर से पशु चिकित्सक, वैज्ञानिक, शोधार्थी, उद्योग प्रतिनिधि, विस्तार विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील पशुपालक भाग लेंगे। आयोजक सचिव डॉ. प्रवीन कुमार गहलोत एवं डॉ. राजेश छाबड़ा ने बताया कि सम्मेलन के अंतर्गत एक मुख्य (प्लेनरी) सत्र तथा दो तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

### धमकी देने के मामले में आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हिसार।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाइन में तैनात सहायक उप निरीक्षक राममेहर ने बताया कि शिकायत पर आरोपी सुभाष नगर हांसी के नवीन के तहत थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नशे पर अंकुश लगाने के लिए एसपी ने सरपंचों से मांगा सहयोग

- पुलिस अधीक्षक ने सरपंचों के साथ की बैठक



**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना क्षेत्र के सरपंचों के साथ बैठक कर पुलिस-जन सहयोग, नशामुक्ति अभियान, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक सहभागिता को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि समाज और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से ही अपराध एवं नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस भी गांव में अवैध तरीके से नशे का कारोबार होता है। उस गांव का सरपंच और ग्रामीण एकजुट होकर इस बीमारी पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। पुलिस उनका सहयोग करेगी। पुलिस अपने स्तर पर भी ऐसे लोगों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। एसपी ने बताया कि जिन भी गांव में अवैध नशे का कारोबार होता है पुलिस उस गांव में समय-समय पर छापेमारी करके उनको पकड़ने का काम कर रही है। लगातार सर्च अभियान भी चलाए जा रहे हैं ताकि जो लोग इस धंधे में शामिल है उनको पकड़ा जा सके। सभी सरपंचों को गांव में 36 बिरादरी का भाईचारा कायम रखने के लिए गांव में शांति बनाए रखनी चाहिए।

# निर्माण मजदूर 10 को होंगे डीसी कार्यालय पर एकत्रित

**हिसार।** निर्माण मजदूरों के ऑनलाइन पोर्टल बंद होने व अन्य समस्याओं को लेकर निर्माण मिस्त्री, मजदूर 10 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर एकत्रित होंगे। इसके अलावा मंत्री आवास का घेराव करेंगे। भवन निर्माण कामगार यूनिवर्सिटी राकेश कुमार ने बताया कि पिछले करीब एक साल से निर्माण मजदूरों के ऑनलाइन पोर्टल बंद होने और अन्य समस्याओं को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन ने कई बार प्रदर्शन किए। मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री को अवगत कराया लेकिन अब तक कोई समस्या का समाधान नहीं निकला है। इसी को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर इकट्ठा होंगे और मंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर मनीष जांगड़ा, दिलबाग, कृष्ण, ओम प्रकाश, वजीर पेंटर, नरेश ,राजकुमार, पीताम्बर, राकेश, विनोद, रामनिवास आदि मौजूद थे।



हिसार। विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हस्तलेखन विशेषज्ञ एवं पूर्व सैनिक ओमप्रकाश सिवाच।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुलखनी में हुआ सुलेख और हस्तलेखन सुधार सेमिनार

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुलखनी में मंगलवार को कैलीग्राफी (सुलेख) एवं हस्तलेखन सुधार सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान 'सिवाच हैंडराइटिंग' के विशेषज्ञ एवं पूर्व सैनिक ओमप्रकाश सिवाच ने विद्यार्थियों को पेन पकड़ने का सही तरीका, बैठने की उचित मुद्रा, अक्षरों की सही बनावट, शब्दों और पंक्तियों के बीच संतुलित दूरी बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। वरिष्ठ विद्यार्थियों को कैलीग्राफी की बारीकियों से भी परिचित कराया गया तथा विभिन्न प्रकार के फॉन्ट और बुनियादी स्ट्रोक्स का लाइव प्रदर्शन कर अभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार श्योराण ने कहा कि अच्छी लिखावट किसी भी छात्र के व्यक्तित्व, अनुशासन और एकाग्रता का परिचय होती है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक कैलीग्राफी नमूनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने खूब सराहा। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे अहम आवश्यकता : एसपी

- पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने ग्रामीणों व पुलिस जवानों के साथ किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। पौधारोपण करते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार। साथ में हैं सरपंच।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र नारनौंद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा का निरीक्षण कर चौकी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक थाना नारनौंद पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस, ग्रामीणों ओर सरपंचों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं पुलिस कर्मियों ने भी पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना नारनौंद का कार्यालय व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



हांसी। कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कैप्टन विक्रम बत्रा का मनाया 52वां शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा मंगलवार को शहीद भगत सिंह पार्क में कैप्टन विक्रम बत्रा का 52वां शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 7 जुलाई 1999 को कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों में देश की रक्षा करते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और अपने अदम्य साहस व पराक्रम से देश का नाम गौरवान्वित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सन्नी नायक, हमेश खुराना, कंवल किशोर शास्त्री, सुभाष महता, विजय पाल, ओमप्रकाश मुंजाल, अजय भारद्वाज, अशोक नांगरू, किशोरी लाल नागपाल, जिले सिंह धूपिया, आशु, संजय इलावाद, संचित मलिक, राहुल, रोहित, हंसराज खेत्रपाल, प्रशांत, सोनू खट्टर, चिराग व समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** नशा मुक्ति अभियान एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा गांव अग्रोहा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना तथा आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर थाना अग्रोहा प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने गांव के युवाओं, बुजुर्गों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद, रोजगार एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## ई20 पेट्रोल की मौजूदा व्यवस्था से जनता तंग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल और सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट विनोद गुरी ने केंद्र सरकार की इथेनॉल मिश्रित (ई20) पेट्रोल व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह नीति बिना पर्याप्त तैयारी के आम जनता पर थोप दी गई है जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश के 316 जिलों में 22,567 पेट्रोल गाड़ी मालिकों के बीच किए गए एक हालिया सर्वे के अनुसार 53 प्रतिशत लोगों ने ई20 पेट्रोल की मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह नाकाम और अप्रभावी बताया है।

## अभाविप स्थापना दिवस पर मेगा पौधरोपण

**हिसार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की पूर्व संध्या पर अभाविप जीजेयू इकाई द्वारा गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में 8 जुलाई को सायं मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। परिषद के 78वें स्थापना दिवस 9 जुलाई के उपलक्ष्य में अभियान के प्रथम चरण में 78 पौधों का रोपण किया जाएगा। अभाविप जीजेयू अध्यक्ष कमलदीप अत्री ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि "एक विद्यार्थी–एक पौधा" का संकल्प विश्वविद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## परीक्षा प्रक्रिया में धांधली को लेकर छात्र प्रदर्शन आज

**हिसार।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) हरियाणा राज्य कमेटी की बैठक जवाहर नगर स्थित सुभाष सिंह स्मारक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान मुकेश कुमार ने की तथा संचालन राज्य सचिव नरेश दनौदा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पेपर लीक, भर्ती एवं परीक्षा प्रक्रिया में धांधली तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 8 जुलाई को एसएफआई हरियाणा राज्य कमेटी के आह्वान पर हिसार में आयोजित छात्र प्रदर्शन में डीवाईएफआई भाग लेगी।

### 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रपत्र-8 भरकर आवेदन करना होगा

# एक ही बूथ की सूची में दर्ज हो सकेंगे परिवार के सदस्य

- संबंधित बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं

**हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र समय पर जमा कराएं, तभी प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल होगा नाम : डीसी**

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने और उन्हें डिजिटलाइज करने का कार्य तेजी से जारी है। मंगलवार दोपहर तक 60 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों को बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से डिजिटलाइज एवं अपलोड भी किया जा चुका है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र दो प्रतियों में उपलब्ध कराया गया है। मतदाता को एक प्रति में अपना विवरण भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को वापस जमा करानी होगी, जबकि दूसरी प्रति पर बीएलओ के हस्ताक्षर प्राप्त कर उसे रसीद के रूप में अपने पास सुरक्षित रखना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिनके हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ को प्राप्त हो चुके होंगे। यदि किसी मतदाता का हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र निर्धारित समय तक जमा नहीं होता है तो उसका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में शामिल नहीं किया जाएगा।

**60 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों को बीएलओ के माध्यम से किया डिजिटलाइज एवं अपलोड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में मतदाताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। निर्वाचन विभाग प्रवक्ता के अनुसार कई क्षेत्रों में एक ही सेक्टर अथवा कॉलोनी के लिए एक ही भवन में दो अलग-अलग मतदान केंद्र अथवा सेक्शन बनाए गए हैं। इसी कारण पूर्व में नए मतदाताओं के पंजीकरण के दौरान अलग-अलग बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रपत्र-6 दिए जाने से परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हो गए। विभाग ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करवा रहे हैं। बीएलओ प्रपत्र भरवाकर प्राप्त करेंगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका डिजिटाइजेशन भी करेंगे। सभी पात्र मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को समय पर उपलब्ध करवाएं। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यदि कोई परिवार भविष्य में अपने सभी पात्र मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहता है, तो प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 के प्रकाशन के बाद दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान प्रपत्र-8 भरकर मतदान केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकता है। साथ ही नए मतदाताओं से भी अनुरोध किया गया है कि प्रपत्र-6 भरते समय परिवार के पहले से पंजीकृत सदस्य का विवरण सही ढंग से भरें तथा उसी मतदान केंद्र के बीएलओ के पास आवेदन जमा करवाएं। विभाग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद अपने नाम एवं अन्य विवरण का अवश्य सत्यापन करें। यदि परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं और वे उन्हें एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित करवाना चाहते हैं, तो 21 जुलाई 2026 से 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित अवधि में प्रपत्र-8 भरकर आवेदन कर सकते हैं।



**याद बहुत आते हैं वो दिन...**

## आज भी यादों में आबाद है वो चार गेट वाला हिसार

**गुजरी महल की रौनक व जहाजपुल की चहल-पहल भी स्मृतियों में ताजा**



- बचपन में भी सुनते थे गुजरी महल से हांसी तक थी सुरंग



जब मैं अपने बचपन के दिनों को याद करता हूं तो ऐसा लगता है जैसे आज भी पुराना हिसार मेरी आंखों के सामने खड़ा हो। उस समय पूरा शहर चारों ओर से किलेनुमा था। नागोरी गेट, दिल्ली गेट, मोरी गेट और तलाकी गेट से होकर शहर में प्रवेश होता था। इन चारों गेटों की रौनक आज भी मेरी यादों में बसी हुई है। आज जहां राजगुरु मार्केट है, वहां कभी घना जंगल हुआ करता था। उसी क्षेत्र से एक नहर बहती थी, जिसे मैंने अपनी आंखों से देखा है। शहर का देवी भवन मंदिर उस समय भी आस्था का प्रमुख केंद्र था। मंदिर के पास एक बड़ा तालाब हुआ करता था, जिसमें नहर का पानी आता था। आज जिस स्थान पर गोशाला बनी हुई है, वह कभी उसी तालाब का हिस्सा था। जहां आज क्लॉथ मार्केट है, वहां पहले सरकारी स्कूल हुआ करता था। गुजरी महल की चहल-पहल देखने लायक होती थी। बचपन में हम लोग यह भी सुनते थे कि गुजरी महल के अंदर से एक सुरंग हांसी तक जाती है। बाद में गुजरी महल के आसपास निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई, ताकि उसकी ऐतिहासिक पहचान सुरक्षित रह सके।

### 1971 के युद्ध में पूरे शहर में होता था ब्लैक आउट

मुझे जहाजपुल की रौनक भी अच्छी तरह याद है। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पूरे शहर में ब्लैकआउट किया जाता था। रात होते ही चारों ओर अंधेरा छा जाता और ऊपर से उड़ते लड़ाकू विमानों को देखकर मन में एक साथ उत्सुकता और डर दोनों पैदा होते थे। उस समय हम बच्चे थे, इसलिए यह सब हमारे लिए रोमांचक अनुभव भी था। कटला रामलीला शहर का सबसे ऊंचा इलाका माना जाता था। वहां होने वाली रामलीला और भव्य झांकियां देखने दूर-दूर से लोग आते थे। जहां आज पारिजात चौक है, वहां कभी नगरपालिका और सार्वजनिक लाइब्रेरी हुआ करती थी। समय बदल गया है, शहर भी बदल गया है, लेकिन पुराना हिसार आज भी मेरी यादों में उसी रूप में बसा हुआ है।

*-देवेन्द्र कुमार (अग्रसेन कॉलोनी निवासी)*

## भूल नहीं सकते हरियाणा बनने का वह दौर संसाधन कम, लेकिन व्यवस्था मजबूत थी

**पहले कर्मचारियों के स्वीकृत पद भरे रहते थे, इसलिए तेजी से होते थे जनता के काम**



मुझे आज भी वह ऐतिहासिक दिन अच्छी तरह याद है, जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब का पुनर्गठन हुआ और हरियाणा एक अलग राज्य बना। मैं उन चुनिंदा कर्मचारियों में रहा हूं, जिन्हें पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों में नौकरी करने का अवसर मिला। इसलिए उस दौर के बदलावों को मैंने बहुत करीब से देखा और महसूस किया है। उस समय लोक निर्माण विभाग एक ही था, जिसे सिंचाई एवं बिजली (इरिगेशन एंड पावर) विभाग कहा जाता था। पूरे विभाग की जिम्मेदारी एक ही मुख्य अभियंता के पास होती थी। बाद में समय के साथ सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, भवन एवं सड़कें विभाग, बिजली बोर्ड, हुडा और कई अन्य विभाग अलग-अलग बनाए गए, जिससे प्रशासनिक ढांचे का विस्तार हुआ। पुराने दिनों को याद करता हूं तो लगता है कि उस समय सरकारें कामकाज को लेकर ज्यादा गंभीर थीं। लगभग सभी विभागों में कर्मचारियों के स्वीकृत पद भरे रहते थे। पर्याप्त स्टाफ होने के कारण जनता के काम समय पर हो जाते थे और कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव नहीं रहता था। आज स्थिति काफी बदल चुकी है। एक अधिकारी या कर्मचारी को कई-कई सीटों का कार्यभार संभालना पड़ता है। ऐसे में काम प्रभावित होना स्वाभाविक है। दुर्भाग्य से जनता को होने वाली परेशानी का दोष अक्सर कर्मचारियों पर ही मढ़ दिया जाता है, जबकि वास्तविक समस्या कर्मचारियों की कमी और बढ़ते कार्यभार की है। जब भी पुराने दिनों को याद करता हूं तो महसूस होता है कि उस समय संसाधन भले सीमित थे, लेकिन व्यवस्था अधिक संतुलित और प्रभावी थी। यही वजह है कि वे दिन आज भी मेरी स्मृतियों में विशेष स्थान रखते हैं।

*-एमएल सहगल (सीनियर सिटीजन एवं वरिष्ठ कर्मचारी नेता)*

**एडीसी व डीएमसी के नेतृत्व में चला विशेष सफाई अभियान**

## हांसी शहर के 5 वार्डों में हटाया कई टन कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



बरसात के मौसम को देखते हुए शहर में स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) लक्षित सरीन के नेतृत्व में मंगलवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के वार्ड नंबर 4, 13, 15, 22 एवं 23 में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया।

अभियान के तहत ड्रेनों, नालों, गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरा, गाद और अन्य अपशिष्ट को हटाया गया। सफाई के दौरान निकले कई टन कचरे को ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से डंपिंग स्टेशन तक पहुंचाया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ शहर को स्वच्छ रखने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया।

इस दौरान एडीसी एवं डीएमसी लक्षित सरीन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से सफाई कार्य का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचने के लिए ड्रेनों और नालों की नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जहां भी सफाई की आवश्यकता हो, वहां तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। लक्षित सरीन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष सफाई अभियान केवल एक दिन तक सीमित न रहे, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में चरणबद्ध तरीके से सफाई कार्य कराया जाए तथा कहीं भी कचरा या जल निकासी में अवरोध की स्थिति नहीं रहनी चाहिए।

## होमगार्ड जवान ने दिया ईमानदारी का परिचय

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस के एक होमगार्ड जवान ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए गुम हुआ मोबाइल उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर पुलिस की सकारात्मक छवि को और मजबूत किया है। जिंदल नाका पर यातायात व्यवस्था के दौरान ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान सत्यनारायण को एक मोबाइल फोन लावारिस अवस्था में मिला। उन्होंने तुरंत जिम्मेदारी निभाते हुए मोबाइल के वास्तविक मालिक की पहचान की और पूरी प्रक्रिया के बाद मोबाइल सुरक्षित उसके असली मालिक को सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर मोबाइल मालिक ने पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुलिस की ईमानदारी और तत्परता ने उनका पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने होमगार्ड जवान सत्यनारायण की सराहना करते हुए कहा कि हिसार पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता की हर संभव सहायता करना और उनके विश्वास को कायम रखना भी है।

**लावरिश अवस्था में मिले मोबाइल को असल मालिक तक पहुंचाया**



हिसार। नल में आता दूषित पानी।

## 7 साल से दूषित पानी पीने को मजबूर मोहना मंडी के नागरिक

**सीएम से लगाई स्थायी समाधान की गुहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वार्ड नंबर-1 स्थित मोहना मंडी के लोग पिछले सात वर्षों से दूषित पेयजल, सीवरेज जाम और जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर नगर सुधार संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। समिति के संचालक प्रमोद मित्तल ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी में बार-बार सीवरेज का पानी मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बरसात के दौरान पास की ही एक गौशाला के तालाब का पानी पंपों के माध्यम से सीवरेज लाइन में छोड़े जाने से लाइनें ओवरफ्लो हो जाती हैं, जिससे पेयजल भी दूषित हो जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब छह महीने पहले नई सीवरेज लाइन बिछाने का वर्क ऑर्डर जारी किया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। प्रमोद मित्तल के अनुसार मोहना मंडी क्षेत्र के भूमिगत पानी का टीडीएस 2700 से अधिक है, जो पीने योग्य नहीं है। दूषित पानी के कारण क्षेत्र में टायफाइड, डायरिया, पीलिया और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से दूषित पेयजल की उच्चस्तरीय जांच कराने, क्षतिग्रस्त पेयजल और सीवरेज लाइनों को बदलने, लंबित सीवरेज निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने, स्थायी समाधान होने तक टैंकरों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। नगर सुधार संघर्ष समिति ने ज्ञापन की प्रतिलिपि विधायक सावित्री जिंदल, उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी भेजी है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल के नितेश ने जीता स्वर्ण पदक

**हिसार।** आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र नितेश ने दिल्ली ओपन स्टेट एथलेटिक्स अंडर-18 चैंपियनशिप की शॉटपुट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, अपने अभिभावकों और हिसार का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कविता जाखड़ ने बधाई देते कहा कि नितेश की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नितेश की यह उपलब्धि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## भाई कन्हैया आश्रम, सिरसा द्वारा हिसार के रोगियों के लिये दो नई एम्बुलेंस समर्पित

- हिसार शहर में कोई भी जरुरतमंद व्यक्ति एम्बुलेंस सेवा के लिए 9253040102, 9254140102 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानवता की मिसाल पेश कर रहे भाई कन्हैया आश्रम, सिरसा के संचालक व पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सरदार गुरविंद्र सिंह ने हिसार शाखा में यहां के मरीजों के लिए दो नई एम्बुलेंस समर्पित की हैं। हिसार शाखा के प्रबंधक डाक्टर देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि एक नई पहल की शुरुआत करते हुए हिसार शाखा में अब मरीजों के लिए अपने घर में पेशेंट बैड, व्हीलचेयर, वॉकर की निःशुल्क सेवा भी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हिसार शहर में कोई भी जरुरतमंद व्यक्ति एम्बुलेंस सेवा के लिए निम्नलिखित नबंर 9253040102, 9254140102 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सरदार गुरविंद्र सिंह का मानना है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के तहत कोई भी जरुरतमंद परिवार बिना किसी किराये या शुल्क के अस्पताल वाला बैड व व्हीलचेयर प्राप्त कर सकता है।

## मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट दे रहा सिलाई प्रशिक्षण

**आदमपुर।** समाजसेवी संस्था मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा हाउसिंग बोर्ड नामदेव मंदिर हाल में महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई शिक्षा केंद्र चलाया जा रहा है। ट्रस्ट सचिव मोतीलाल गोयल ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 20 महिलाएं व युवतिया सिलाई सिखाई जा रही है। यह शिविर 4 महीने तक चलेगा। बाद में प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं अगला प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस कार्य में आदमपुर सरपंच जगत अग्रवाल, जवाहर नगर सरपंच सलमा रानी तथा व्यापार मंडल के उप प्रधान संदीप गोयल ने सराहनीय सहयोग दिया।

## दिव्यांग केंद्र में संचालित विशेष बाल विकास एवं पुनर्वास केंद्र से लाभान्वित हो रहे बच्चे



**हिसार।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग केंद्र में एक विशेष बाल विकास एवं पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस केंद्र का उद्देश्य ऐसे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं निशुल्क सेवाएं प्रदान करना है ताकि वे अपने दैनिक जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बन सकें। भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि केंद्र में निशुल्क बाल फिजियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध है। यहां जन्म से लेकर किशोरावस्था तक के उन बच्चों का मूल्यांकन एवं उपचार किया जाता है जिन्हें शारीरिक विकास में देरी, सेरेब्रल पाल्सी, विकास संबंधी समस्याएं, मांसपेशियों की कमजोरी, संतुलन एवं चलने-फिरने में कठिनाई अथवा अन्य न्यूरो-डेवलपमेंट समस्याएं हैं। फिजियोथेरेपी के माध्यम से बच्चों की बैठने, खड़े होने, चलने, संतुलन बनाने, मांसपेशियों की शक्ति बढ़ाने तथा दैनिक गतिविधियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

## हनुमत बाल पराक्रम गाथा पुस्तक का विमोचन

**हिसार।** रावलवासिया सेवा सदन में अनिल गुप्ता एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक हनुमत बाल पराक्रम गाथा का विमोचन एफसी कॉलेज की प्राचार्या अनिता सहरावत ने किया। इस अवसर पर दिल्ली असम रोडवेज के संचालक कृष्ण कुमार गोरखपुरिया, समाजसेवी एवं उद्योगपति दिनेश कुमार रावलवासिया, कमल रावलवासिया, प्राचार्य प्रमोद योगार्थी, राम अवतार सिंगल, देवेन्द्र कुमार जैन एवं कमल सर्राफ विशिष्ट अतिथि रहे। मंच संचालन प्रमोद ने किया। मलिका देवी एवं मधु रानी गुप्ता द्वारा मुख्यातिथि प्राचार्या अनिता सहरावत द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## एशियन यूथ ट्रेनिंग कैंप के लिए हिसार साई के कुश्ती कोच प्रदीप चीन रवाना



**हिसार।** हरियाणा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहायक कुश्ती कोच प्रदीप कुमार खारिया को चीन में ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) एशियन यूथ ट्रेनिंग कैंप और कोच के लिए कोर्स में भाग लेने के लिए नामित किया गया है। कोर्स में भाग लेने के लिए भारत से 1 पुरुष, 1 महिला और 1 कोच को आमंत्रित किया है जिसके लिए हिसार के प्रदीप कुमार खारिया को भेजा गया है, जो चीन के लिए रवाना हो गए। यह कोर्स 16 जुलाई तक ग्वांगझू, (चीन) में आयोजित किया जा रहा है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू. एफ. आई.) ने उक्त ट्रेनिंग कैंप के लिए प्रदीप कुमार खारिया को नामित किया था। डब्ल्यू. एफ. आई. के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के अनुसार चीन की उनकी यात्रा का पूरा खर्च, यानी रहने-खाने का खर्च, वीजा शुल्क, लाइसेंस शुल्क और हवाई यात्रा का खर्च यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा वहन किया जाएगा।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**
**फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005**

**डीसी महेंद्र पाल की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की हुई बैठक**

# दो माह में 34 दवा विक्रेताओं के लाइसेंस सस्पेंड 22 को अनियमितता मिलने पर दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय में नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) व पीसीपीएनडीटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे की रोकथाम, अवैध नशीले पदार्थों पर अंकुश तथा लिंगानुपात सुधार की दिशा में चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान ड्रग कंट्रोलर अजय कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि जिले में नशे की रोकथाम के लिए दवा विक्रेताओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि मई माह में 27 तथा जून माह में 7 दवा विक्रेताओं के लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं। इसके अलावा 16 जून को संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान 29 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई, जिसमें अनियमितताएं मिलने पर 22 मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किए गए। बिना वैध लाइसेंस संचालित पाए जाने पर एक मेडिकल स्टोर को सील करते हुए उसके कस्टडी ऑर्डर भी जारी किए गए।

**ये रहे मौजूद**

अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुनसान स्थानों का हो नियमित निरीक्षण

उपायुक्त महेंद्र पाल ने बैठक में पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्मशान घाटों, कंडम हो चुकी सरकारी इमारतों तथा अन्य सुनसान स्थानों का नियमित निरीक्षण किया जाए।

### एक एमटीपी सेंटर का लाइसेंस भी सस्पेंड

अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि हाल ही में नियमों के उल्लंघन के मामले में एक एमटीपी सेंटर का लाइसेंस भी सस्पेंड किया गया है।

## जीएम के घेराव की चेतावनी, नो को रोडवेज कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



रोडवेज के हिसार डिपो में कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों की मांग पर चल रहा आंदोलन मंगलवार को 54वें दिन भी जारी रहा। महाप्रबंधक के खिलाफ चल रहे इस धरने की अध्यक्षता संदीप जैनावास ने की, जबकि मंच संचालन अरुण शर्मा ने किया। धरने में सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी और महाप्रबंधक की कर्मचारी विरोधी कार्यशैली के विरोध में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 जुलाई को हांसी में विशाल गेट मीटिंग आयोजित कर कर्मचारियों को आंदोलन के अगले चरण के लिए तैयार किया जाएगा। वक्ताओं ने घोषणा की कि 9 जुलाई को महाप्रबंधक का घेराव किया जाएगा। इसके बाद 10 और 11 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल के तहत पेन, पहिया और टूल जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। धरने के दौरान पेड़ कटाई प्रकरण की जांच के सिलसिले में सीएम फ्लाइंग के डीएसपी विक्रमजीत सिंह, रेंज इंचार्ज सुनेना, फतेहाबाद और हिसार रेंज के डीएफओ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोबारा जांच की। धरने में अनूप श्योकद, बजरंग, राजबीर, कर्मबीर, जोगेंद्र पंघाल, जितेंद्र शर्मा, अजय दुहन, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान आदि मौजूद रहे।